—/—/—

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -  Class - V

Subject - Hindi Language  Page - 1

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण

'संवाद लेखन'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'संवाद लेखन' कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। आज हम इस पाठ में संवाद लिखना सीखेंगे।

बच्चो ! संवाद का शाब्दिक अर्थ है - बातचीत। दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच हुई बातचीत को संवाद या वार्तालाप कहते हैं। रोज़ाना हम कई लोगों से बातचीत करते हैं। यही बातचीत जब लिखकर प्रस्तुत की जाती है तो 'संवाद लेखन' कहलाती है। संवाद लेखन का कार्य नाटकों, एकांकियों, धारावाहिकों और फ़िल्मों में किया जाता है। संवाद लेखन एक कला है।

बच्चो ! संवाद लेखन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए -

(क) संवाद दिए गए विषय से संबंधित होने चाहिए।
(ख) भाषा सरल, सहज और भावानुकूल होनी चाहिए।
(ग) संवाद छोटे, सरल और रोचक होने चाहिए।
(घ) संवाद पात्रों के अनुकूल होने चाहिए।
(ङ.) संवाद को रोचक बनाने के लिए हास्य-व्यंग्य आदि का पुट होना चाहिए।
(च) संवाद को स्पष्ट करने के लिए बीच-बीच में उचित संबोधनों का प्रयोग करना चाहिए।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-　　　　　　Class - V
Subject - Hindi Language　　　Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(छ) संवादों को लिखते समय उपयुक्त विराम - चिह्नों का प्रयोग करना चाहिए।

बच्चो! आज हम इस पाठ में एक संवाद लिखना सीखेंगे।

⇒ योग के लाभ बताते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखें :-

मोहन :- मित्र सुबह - सुबह कहाँ से आ रहे हो?
साहिल :- मैं प्राणायाम करके आ रहा हूँ।

मोहन :- अच्छा! यह तो बहुत अच्छी बात है।

साहिल :- मेरी अध्यापिका ने कहा है कि हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

मोहन :- मित्र, योग के क्या लाभ हैं।

साहिल :- इसके करने से हमारा शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं। इसके अतिरिक्त हमारा शरीर शक्तिशाली बनता है।

मोहन :- क्या योग करने से हम बीमारियों से भी बच सकते हैं।

साहिल　हाँ, योग हमारे शरीर को रोगों से बचाता है, आँखों की ज्योति

Scanned with CamScanner

Date-    Class - V

Subject- Hindi Literature    Page - 3

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

बढ़ाता है । शरीर को लचीला और सुदृढ़ बनाता है ।

मोहन :- अच्छा , अब से मैं भी योगासन करूँगा ।

बच्चो ! आप इस संवाद को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे ।

गृहकार्य :-

बच्चो ! आप इस संवाद को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर- पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे ।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner